# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 03.05.2025 समय : 0705

<><><><><><><><><><>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा– 'वरिष्ठ नागरिक अतीत से जुड़ने की कड़ी और भविष्य के मार्गदर्शक होते हैं'।
2. विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि पिछले दशक में अनुसंधान और विकास पर भारत का सकल व्यय दोगुना हो गया है।
3. श्री विजय पुरम स्थित गुडविल एस्टेट में कल विज्ञान केंद्र द्वारा आयोजित हॉलिडे कैंप का शुभारंभ किया गया।
4. आज अंतर्राष्ट्रीय खगोल विज्ञान दिवस मनाया जा रहा है।

<><><><><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए पहल 'एजिंग विद डिग्निटी' नामक कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक अतीत से जुड़ने की कड़ी होते हैं और भविष्य के मार्गदर्शक भी होते हैं। हमें उनके मार्गदर्शन को महत्व देना चाहिए और उनकी मूल्यवान संगति का आनंद लेना चाहिए। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक कल्याण पोर्टल का शुभारंभ, वरिष्ठ नागरिक गृहों का वर्चुअल उद्घाटन, सहायक उपकरणों का वितरण के साथ ही सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा ब्रह्माकुमारीज संगठन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। वरिष्ठ नागरिक कल्याण पोर्टल वरिष्ठ नागरिकों के लिए वन–स्टेप डिजिटल प्लेटफार्म के रूप में काम करेगा।

<><><><><><><><><><>

विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि पिछले दशक में अनुसंधान और विकास पर भारत का सकल व्यय दोगुना होकर एक लाख सत्ताइस हजार तीन सौ अस्सी करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। वे कल नई दिल्ली में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के पचपनवें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्री सिंह ने वैश्विक परिदृश्यव में देश को आगे बढाने के लिए उद्योगों की भागीदारी बढ़ाने और दीर्घकालिक नवाचार की आवश्यकता पर बल दिया।

<><><><><>

ग्राम पंचायत टुसनाबाद में एक ग्राम पुस्तकालय का उदघाटन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग की उप निदेशक योजना अर्चना सिंह मुख्य अतिथि थीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने पठन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह ज्ञान प्राप्त करने का एक शानदार तरीका है और ग्राम पुस्तकालय न केवल युवाओं में पढ़ने की आदत को बढ़ावा देता है, बल्कि सामुदायिक गतिविधियों के केन्द्र के रूप में भी काम करता है। इस पुस्तकालय के उदघाटन के अवसर पर सोनाली प्रकाशन ने पुस्तकालय की स्थापना का समर्थन करने के लिए पुस्तकों का दान दिया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र, पंचायती राज संस्थानों के सदस्य और क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित थे।

उधर आम जनता और नियमित पाठकों की बढ़ती मांग के जवाब में श्री विजयपुरम का राज्य पुस्तकालय का रीडिंग अनुभाग तत्काल प्रभाव से सभी दूसरे शनिवार, साप्ताहिक अवकाश और सार्वजनिक छुट्टियों पर भी खुला रहेगा।

<><><><><>

श्री विजया पुरम स्थित गुडविल एस्टेट के सभागार में कल विज्ञान केंद्र द्वारा आयोजित हॉलिडे कैंप का शुभारंभ किया गया। भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण के

अतिरिक्त निदेशक एवं वैज्ञानिक डॉ. लालजी सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने आज की दुनिया में विज्ञान और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और छात्रों से इस अवसर का भरपूर लाभ उठाकर नई चीजें सीखने तथा खोजने का आग्रह किया। उन्होंने युवा मनों में वैज्ञानिक स्वभाव को बढ़ावा देने के लिए ऐसे शिविरों का आयोजन करने के विज्ञान केंद्र के प्रयासों की भी सराहना की। अपने संबोधन में, विज्ञान केंद्र के क्यूरेटर शाजन थॉमस ने कहा कि हॉलिडे कैंप में छात्रों को विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में शामिल करने के लिए हैंड्स–ऑन प्रयोग, इंटरैक्टिव सत्र और एक्सपोजर ट्रिप सहित कई गतिविधियाँ शामिल होंगी। इस वर्ष, कुल आठ मॉड्यूल होंगे जिन्हें विज्ञान केंद्र के अनुभवी शिक्षकों और तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा पढ़ाया जाएगा। इस शिविर में दक्षिण अंडमान के ज्यादातर स्कूलों के लगभग सौ छात्र भाग ले रहे हैं, जो तीस मई तक चलेगा।

<><><><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय खगोल विज्ञान दिवस आज मनाया जा रहा है। इस अवसर पर द्वीपों में खगोल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए, पर्यटन विभाग अंडमान स्टारगेजिंग के सहयोग से खगोलीय अवलोकन पर सत्र आयोजित करेगा। कार्बाइंस कोव तट पर इस कार्यक्रम का समय शाम छह बजे से आठ बजे तक रहेगा। इस पहल का उद्देश्य द्वीपों में खगोल–पर्यटन की क्षमता को बढ़ावा देना है। लोगों को विशेषज्ञ खगोल संचारक द्वारा निर्देशित दूरबीन अवलोकन के माध्यम से खगोलीय घटनाओं को देखने का अवसर मिलेगा। यह सत्र निःशुल्क है।

<><><><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से राशन कार्ड धारकों के लिए दो महीने यानी मई और जून के लिए राशन अग्रिम रूप से वितरित किया जाएगा। लाभार्थी एक मई से तीस जून के बीच दो महीने का खाद्यान्न ले सकते हैं। जो राशन कार्ड धारक मई, के महीने में राशन सामग्री नहीं ले पाते हैं, वे जून के महीने में भी अपना खाद्यान्न ले सकते हैं।

<><><><><><><><><><>

शिक्षा विभाग द्वीपों के सभी नौ शिक्षा क्षेत्रों के स्कूली छात्रों के लिए एक निःशुल्क शतरंज ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन करेगा। यह अनूठी पहल पांच मई से शुरू होकर चार जून तक चलेगी। इस शिविर का उद्देश्य बच्चों को शतरंज की बुनियादी बातों से परिचित कराना है। शिविर प्रतिदिन सुबह नौ बजे से दोपहर बारह बजे तक द्वीपों के चयनित स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। शिविर में मास्टर ट्रेनर इंटरैक्टिव पाठों, हैंड्स–ऑन प्रदर्शनों और मैत्रीपूर्ण मिनी–टूर्नामेंटों के माध्यम से आकर्षक सत्र आयोजित करेंगे। इच्छुक छात्रों को कल तक अपने संबंधित स्थानों पर अपने पंजीकरण कराने को कहा गया है।

<><><><><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय, तेरह मई, को शाम पांच बजे से शाम छह बजे तक अंडमान क्लब में मिस्टर फिट बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। इच्छुक प्रतिभागियों से नौ मई तक पंजीकरण कराने को कहा गया है। पंजीकरण के लिए फिटनेस प्रशिक्षक जैक्सन नारायण से सम्पर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><><><><><>

स्वराज द्वीप वन विभाग ने हाल ही में स्वराज द्वीप में मिडिल स्कूल स्तर तक के स्कूली बच्चों के लिए शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। छात्रों ने, अपने

शिक्षकों के साथ, समुद्री कछुओं के बच्चों को समुद्र में छोड़ते हुए देखा – जो समुद्री संरक्षण में एक महत्वपूर्ण और प्रतीकात्मक घटना है। कार्यक्रम के दौरान, बच्चों को समुद्री कछुओं के जीवन चक्र, उनके सामने आने वाली चुनौतियों और समुद्री जैव विविधता को बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। बाद में, स्वराज द्वीप वन विभाग के कर्मचारियों की देखरेख में, छात्रों ने सक्रिय रूप से कछुओं के बच्चों को समुद्र में छोड़ने में भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य युवा पीढ़ी में जिम्मेदारी और पर्यावरण प्रबंधन की भावना पैदा करना था।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कल केरल के तिरूवन्तपुरम में आठ हजार नौ करोड़ रूपए की लागत वाले विझिंजम इंटरनेशनल डीप वाटर सी पोर्ट को राष्ट्र को समर्पित करने के समाचार को **द्वीप समाचार** और **द डेली टेलीग्राम्स** ने आज अपनी बड़ी खबर बनाया है। इस खबर के अलावा दोनों अखबारों ने प्रसिद्ध वन्य जीव फोटोग्राफर घृतिमान मुखर्जी के अम्बेडकर सभागार में वन्य जीव फोटोग्राफियों की बारीकियों पर विशेष स्क्रीनिंग कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को भी प्रमुखता दी है। श्री विजयपुरम में एन्टी नॉरकोटिक्स पुलिस ने छापेमारी कर एक किलो पांच सौ दस ग्राम गांजा जब्त कर दो आरोपियो ंको गिरफ्तार किए जाने के समाचार को **इंफो इंडिया** ने प्रथम पृष्ठ के उपरी भाग में जगह दी है। कार निकोबार के पेरका गांव में विश्व पशुचिकित्सा दिवस मनाए जाने के समाचार को **इको ऑफ इंडिया** ने अंदर के पृष्ठ में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>